# हरियाणा विधान सभा

## मंगलवार, 16 मार्च, 2021

## को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

## अतांराकित प्रश्न

### उपमण्डल तथा तहसील कार्यालय का निर्माण करना

263. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी., फरीदाबाद का अपना कोई तहसील तथा उपमण्डल कार्यालय नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, क्या फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उपमण्डल तथा तहसील कार्यालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार्यालय के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

.....................

### पुल को चौड़ा करना

244. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव लोहारी टिब्बा तथा मोहाना के बीच सड़क पर स्थित नहर के पुल को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

.....................

### 11 के.वी. बिजली की तारें हटाना

**282. श्री मेवा सिंह, एम.एल.ए.** : क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या लाडवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की बबैन से शाहबाद सड़क पर एच.डी.एफ.सी. बैंक, बाजार तथा बहुत से घरों के ऊपर से गुजर रही 11 के.वी. बिजली की तारें हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसे कब तक हटाए जाने की संभावना है ?

..................

## सड़क का निर्माण करना

239. **श्री राम कुमार गौतम, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हिसार में गुलकनी, मिल्कपुर, राखी, गुराना, लुहारी राघो, शाला धेरी, चनोट तथा ठरवा गावों की सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

.....................

## एक केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलना

294. **श्री दीपक मंगला, एम.एल.ए.:** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि पलवल में जिला स्तर पर केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

.....................

## गरीब परिवारों को घर उपलब्ध करवाना

**373. श्री बलराज कुंडू, एम.एल.ए.** : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) राज्य में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा कितनी सीमा तक लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है; तथा

(ख) राज्य में उपरोक्त योजना के लाभ पाने से वंचित परिवारों की संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या पग उठाए या उठाए जाने की संभावना है ?

...................

## दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मंडल तथा उप मंडल स्थापित करना

358. **श्री सीता राम यादव, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली तथा बाछोद में क्रमशः दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मंडल तथा उपमंडल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

.....................

## सड़क की मरम्मत करना

319. **श्री अमित सिहाग, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि डबवाली से रानियां तक सड़क जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसकी मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

................

## नया नर्सिंग महाविद्यालय खोलना

**329. श्री राम निवास, एम.एल.ए.** : क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नरवाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में नया नर्सिंग महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

...............

## मास्टर प्लान के अर्न्तगत भूमि अर्जित करना

377. **श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) ग्रेटर फरीदाबाद मास्टर प्लान, 2021 के अर्न्तगत सरकार द्वारा अर्जित की गई कुल भूमि का ब्यौरा क्या हैं; तथा

(ख) क्या सरकार ने उपरोक्त अर्जित भूमि पर कब्जा ले लिया है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या है?

.....................

## विकास कार्यों के लिए ऐच्छिक अनुदान

264. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि प्रत्येक विधायक को विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रूपये ऐच्छिक अनुदान हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा जारी किया गया है जिसमें से मेरे निर्वाचन क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य के लिए 1,10,24,000/– रू मुझे जारी किए गए हैं तथा जिसमें से सरकार द्वारा रू 77,34,000/– स्वीकृत किए गए हैं परन्तु 10.7.2020 से फाइलें सम्बन्धित कार्यालयों में लम्बित पड़ी हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

......................

## चौपाल की मरम्मत करना

245. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गढी हकीकत में सामान्य चौपाल की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

......................

## 11 के.वी. बिजली तारें हटाना

303. **श्री मेवा सिंह, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या लाडवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वार्ड न. 8, लाडवा इन्द्री सड़क के समीप कालोनी गुरूदारा के पास घरों के ऊपर से गुजर रही 11 के.वी. बिजली की तारें हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक हटाए जाने की संभावना है?

......................

## नई प्राथमिक कृषि समिति का गठन करना

295. **श्री दीपक मंगला, एम.एल.ए.:** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल के खादर क्षेत्र के गांव राजूपुर खादर, दोस्तपुर तथा भोलरा के सदस्यों को अपनी प्राथमिक कृषि समिति में जाने के लिए लगभग 30–35 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है क्योंकि गुरवाड़ी प्राथमिक कृषि समिति तथा उक्त गांवों के बीच यमुना नदी पड़ती है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या राजूपुर के नाम से एक नई प्राथमिक कृषि समिति गठन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

.............

## लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह की क्षमता बढ़ाना

320. **श्री अमित सिहाग, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ओर अधिक कमरों का निर्माण करके डबवाली में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

..............

## श्रमिक उप–कर की उगाही

330. **श्री राम निवास, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में वर्ष 2019–2020 तथा 2020–2021 के दौरान श्रमिक निर्माण कल्याण बोर्ड द्वारा एकत्रित किये गये श्रमिक उप–कर की राशि कितनी है; तथा

(ख) वर्ष 2019–20 तथा 2020–21 के दौरान उक्त एकत्रित निधि से विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न घटकों पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है ?

...............

## आरोही स्कूलों के अध्यापकों को नियमित करना

265. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि ठेका अनुबंध सहमति पत्र के नियमों तथा शर्तों में यथा वर्णित 5 वर्ष के पश्चात् नियमितकरण के अधीन वर्ष 2011 में राज्य में खोले गए आरोही मॉडल स्कूलों में सरकार द्वारा अनुबंध आधार पर अध्यापक नियुक्त किए गए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अध्यापकों को अब तक नियमित न किये जाने के कारण क्या है तथा इनको कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

.....................

## पानी के खालों का स्तर

246. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव हुल्लाहेड़ी के खेतों में पानी के खालों का स्तर ठीक नहीं है; यदि हां, तो इन्हें कब तक सही तरीके से समतल किए जाने की संभावना है?

.....................

## अस्पताल का निर्माण करना

266. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.** : क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव खेड़ी गुजरान की लगभग 8 एकड़ भूमि गैर–संचारी रोगों के लिए यूनानी चिकित्सा के राष्ट्रीय संस्थान का अस्पताल निर्मित करने के लिए आयुष विभाग को दी गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

.............................

## माईनर से गाद निकालना

247. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सरगथल माईनर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है; यदि हां, तो उपरोक्त माईनर से गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

......................

चण्डीगढ़:
08 मार्च, 2021.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।